हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार 18 नवंबर 2025, बरेली


PAGE NO :07 MIDDLE

# मेडिकल कॉलेज में छात्रों ने ली चरक की शपथ



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में चरक की शपथ लेते एमबीबीएस के छात्र।

## एसआरएमएस

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एमबीबीएस 2025 बैच के 200 विद्यार्थियों को चिकित्सकीय पेशे के प्रतीक सफेद कोट पहनाकर महर्षि चरक की शपथ दिलाई गई। 92 छात्राओं और 108 छात्रों ने प्राणिमात्र के दुख दूर करने का संकल्प लिया। व्हाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला ने शपथ दिलाई और इसका सम्मान करने का संदेश दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने टैलेंट हंट प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को भी ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए देव मूर्ति ने ट्रस्ट की तरफ से संचालित शैक्षणिक शुल्क मांफी योजना में शामिल होने और स्कालरशिप हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को लक्ष्य बना कर पढ़ाई करने का संदेश दिया। पहले एसआरएमएस मेडिकल कालेज के आडिटोयिरम में व्हाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल डा. बुटोला ने सभी नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। अंत में डीन यूजी डा.बिंदु गर्ग ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर डीन पीजी डा.रोहित शर्मा, डीएसडब्ल्यू डा. क्रांति कुमार, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना, आईपीएस की प्रिंसिपल जसप्रीत कौर, नर्सिंग की प्रिंसिपल डा. मुथु महेश्वरी, मैट्रन संतोषी और सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।